सितम्बर - 2023

BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

SAMVAD

अंतरराष्ट्रीय सम्मानः बीएसईएस के अर्बन माइक्रोग्रिड से उच्चस्तरीय जर्मन प्रतिनिधिमंडल प्रभावित

साउथ दिल्ली के मालवीय नगर स्थित शिवालिक में बीएसईएस का अर्बन माइक्रोग्रिड सिस्टम (सोलर + बैटरी) अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों को आकर्षित कर रहा है। पहले जर्मनी की फेडरल मिनिस्टर फॉर इकनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट सुश्री स्वेंजा शुल्जे ने अर्बन माइक्रोग्रिड का दौरा किया था। इसके बाद अब जर्मन पार्लियामेंट्री स्टेट सेक्रेट्री ऑफ द फेडरल मिनिस्ट्री फॉर इकनॉमिक अफेयर्स एंड क्लाइमेंट एक्शन (बीएमडब्ल्यूके) श्री स्टेफेन वेंजेल के नेतृत्व में एक और महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल ने इस स्थान का दौरा किया है। उनके साथ जर्मन दूतावास, जीआईजेड इंडिया, इंटरनेशनल सोलर अलायंस, नैशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया (एनएसईएफआई) और बंदेस्वेरबैंड सोलरविर्ट्सकाफ्ट (बीएसडब्ल्यू) के उच्च अधिकारी भी मौजूद थे।

रूफटॉप सोलर के साथ दोहरा लाभः बिजली बिल कम करें और पर्यावरण बचाएं

सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में रूफटॉप सोलर नेट मीटरिंग के कनेक्शन लिए हैं। इनमें आवासीय और सीजीएचएस उपभोक्ता भी शामिल हैं। काफी कम समय में ही बीआरपीएल ने साउथ और वेस्ट दिल्ली में 4600 रूफटॉप सौर ऊर्जा कनेक्शनों को एनर्जाइज कर दिया है, जिसका कनेक्टेड सोलर लोड 117 मेगावॉट के करीब है। बिजली बिल में कमी लाने और पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने का यह एक अच्छा तरीका है।

अब सौर ऊर्जा सिस्टम के लिए आवासीय उपभोक्ता 40 प्रतिशत तक सरकारी सब्सिडी ले सकते हैं (तीन किलोवॉट तक के लिए) और उसके बाद 20 प्रतिशत की सब्सिडी (अगले 7 किलोवॉट तक के लिए)। अपनी रूचि दर्शाने और दरों व वेंडरों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृपया https://solar.bsesdelhi.com देखें। आप 19123 पर कॉल भी कर सकते हैं (ऑप्शन 8)।

वैकल्पिक तौर पर उपभोक्ता हाल ही में एमएनआरई द्वारा लॉन्च किए गए नैशनल पोर्टल फॉर रूफटॉप सोलर के माध्यम से भी सोलर चुन सकते है और 14,588 रूपये प्रति किलोवॉट की सब्सिडी ले सकते हैं। पोर्टल पर आवेदन करने के लिए https://solarrooftop.gov.in पर लॉगऑन करें।

नैशनल पोर्टल के तहत उपभोक्ता को ऑफर की जा रही सब्सिडी इस प्रकार हैः

सौर प्लांट क्षमता	लागू सब्सिडी
3 किलोवॉट तक	14,588 रूपये प्रति किलोवॉट
3 किलोवॉट से अधिक और 10 किलोवॉट तक	3 किलोवॉट तक 14,588 रूपये प्रति किलोवॉट और उसके बाद 7,294 रूपये प्रति किलोवॉट
10 किलोवॉट से अधिक	94,822 रूपये फिक्स्ड
आरडब्ल्यूए और ग्रुप हाउसिंग सोसाइटीज ... जीएचएस... के लिए	7294 रूपये प्रति किलोवॉट उस सीजीएचएस/ आरडब्ल्यूए में कॉमन सुविधा के लिए 500 केडब्ल्यूपी / 10 केडब्ल्यूपी प्रति घर

व्हील चेयर, चश्में, हियरिंग एड, और भी बहुत कुछः जरूरतमंदों की मदद के लिए एलिमको और बीआरपीएल की पहल

आर्टिफिशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलिमको) और बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड (बीआरपीएल) ने साथ मिलकर हाल ही में एक कैंप का आयोजन किया, जिसमें समाज के वंचित तबकों के 650 बुजुर्गों और विकलांगों को सहायता–उपकरण वितरित किए गए।

माननीय विदेश व संस्कृति विभाग की राज्य मंत्री श्रीमती मीनाक्षी लेखी द्वारा इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया, जहां बीएसईएस के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। लाभार्थियों के बीच व्हील चेयर, क्रचेज, वॉकिंग स्टिक्स, चश्में, कमोड वाले चेयर, हियहिरंग ऐड, वॉकर, नी ब्रेस किट्स, आदि बांटे गए। यह पहल विभिन्न समुदायों को सशक्त बनाने और एक समावेशी समाज को बढ़ावा देने की बीआरपीएल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

अब हम वॉट्सऐप बिजनेस पर भी उपलब्ध हैं! 8800919123 पर हम तक पहुँचे

Available on the App Store
Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19123

8800919123 पर
हमें Hi कहें और हमारी
निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

- बिल देखें व भुगतान करें
- बिल विवरण
- सेल्फ मीटर रीडिंग
- बिजली गुल की शिकायत
- प्रीपेड मीटर बैलेंस तथा रीचार्ज
- बिजली दरें व सब्सिडी डिटेल्स
- और भी बहुत कुछ

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI
संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bdg@relianceada.com पर ईमेल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।